# खाद के बदले किसानों से अभद्रता

## जीतू पटवारी बोले, घर-घर खाद का दावा कर रही सरकार, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**गुना/फतेहगढ़, 23 नवम्बर. जिलेभर में रबी सीजन की बोवनी शुरू होते ही किसान खाद और बिजली की किल्लत से जूझ रहे हैं. आरोन, म्याना, बगदरी, फतेहगढ़ सहित कई क्षेत्रों में किसान सड़क पर उतरकर विरोध जता चुके हैं.**

किसानों का आरोप है कि प्रशासन और सहकारी समितियां मनमाने तरीके से काम कर रही हैं. इसी बीच बमोरी विधानसभा के फतेहगढ़ सहकारी समिति केंद्र पर शनिवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया, जहां किसानों को खाद के बदले गालियां सुननी पड़ीं. संचालक अशोक टुंडे की अभद्रता का वीडियो वायरल होने के बाद पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया है. फतेहगढ़ सोसाइटी पर पहुंचे किसानों ने आरोप लगाया कि समिति में लगभग 500 कट्टे यूरिया खाद का वितरण किया जा रहा था. नियम के अनुसार प्रति किसान 4 कट्टे खाद दिया जाना था, जिस पर किसानों ने आपत्ति नहीं जताई और धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार करते रहे. लेकिन जैसे ही कुछ किसानों ने देखा कि प्रभारी संचालक अपने परिचित किसानों को एक ही खाता संख्या पर 20 से 30 कट्टे तक खाद दिलवा रहे हैं, मौके पर विरोध शुरू हो गया. किसानों ने संचालक से नियमों का पालन करने की मांग की. इसी बात पर विवाद बढ़ गया.

### किसानों में आक्रोश

फतेहगढ़ क्षेत्र के किसानों का कहना है कि खाद वितरण में खुलेआम गड़बड़ी हो रही है और प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है. किसान रामलाल, दयाराम और अन्य ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें बोवनी के लिए समय पर खाद चाहिए, लेकिन उन्हें अपमान मिल रहा है. खाद मांगने पर गालियां कौन देता है? अगर यही हाल रहा तो फसल बर्बाद हो जाएगी, किसानों ने कहा. किसानों ने कलेक्टर और जिला प्रशासन से मांग की कि संचालक के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए, खाद वितरण की निष्पक्ष जांच हो और किसानों को समय पर पर्याप्त खाद उपलब्ध कराया जाए. फतेहगढ़ की घटना ने किसानों में बेचैनी बढ़ा दी है.

### खाद की किल्लत पर गाली-गलौज



घटना पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी. गुना प्रवास के दौरान उन्होंने कहा कि यह घटना बताती है कि सरकार के 'होम डिलेवरी ऑफ फर्टिलाइजर' जैसे दावों की सच्चाई क्या है. पटवारी ने कटाक्ष करते हुए कहा, एक ओर मोहन सरकार घर-घर खाद पहुंचाने की बात कर रही है और दो जिलों को मॉडल बताती है, दूसरी ओर उन्हीं की नियुक्ति वाले कर्मचारी किसानों को गंदी-गंदी गालियां दे रहे हैं. यह सरकार का असली चाल-चरित्र और चेहरा है. उन्होंने आगे कहा कि लैंड पूलिंग एक्ट के बाद से किसान पहले ही असहज हैं और अब खाद की किल्लत पर गाली-गलौज ने स्थिति और खराब कर दी है. जिस तरह अधिकारी किसानों को गालियां दे रहा है, ऐसा लगता है मानो सरकार ने ही उसे ऐसा करने का निर्देश दिया हो, पटवारी ने कहा. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अब तक इस 'गालीबाज अधिकारी' पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जो यह साबित करता है कि सरकार ऐसे कृत्यों पर मौन सहमति दे रही है.

# नकली नोट-कांड की जड़ तक पहुंची पुलिस तीन आरोपियों को भोपाल से उठाया

नवभारत न्यूज

**खंडवा। 20 लाख रुपए के नकली नोट रखने वाले सरगना जुबेर पिता अशरफ अंसारी इस कांड पर बड़े खुलासे कर रहा है। पुलिस एक-एक कर नोट छापने से बाजार में चलाने तक का उपक्रम जान चुकी है।**

एक-एक कड़ी तक पहुंच रही है। अब इसमें गिरफ्तारी भी होने लगी है। जुबेर के बताने पर तीन अन्य लोगों की तलाश थी। इन तीनों को भोपाल के बाग मुगलिया से गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों बुरहानपुर, हरदा और अमरावती जैसे अलग-अलग क्षेत्र से हैं।

**भोपाल में छुपे थे आरोपी**

पुलिस के शिकंजे से बचने के लिए एक मकान में किराए से भोपाल में रह रहे थे। पुलिस वहां भी पहुंचकर इन्हें पकड़ लाई। आरोपियों को खंडवा लाकर यहां न्यायालय में पेश किया गया जिनका रिमांड मांगा जा रहा है ताकि इस नोट कांड की हर परत का खुलासा हो सके। इन तीनों के पास भी थोड़े बहुत 500 के नकली नोट मिले हैं ।जिससे यह लग रहा है कि इन्हीं रूपयों से तीनों अब भी खर्चा चल रहे थे।

**प्रतीक नवलखे नोटकांड की जड़-** नोट छापने वाला सरगना और मास्टरमाइंड प्रतीक पिता सुरेश नवलखे बुरहानपुर का है। इसके साथ ही गोपाल उर्फ राहुल पवार मुख्य रूप से हरदा का रहने वाला है।

इसी तरह दिनेश गोरे पिता दीपक साईं नगर धारनी जिला अमरावती महाराष्ट्र का रहने वाला है। इन तीनों को पुलिस ने गोकुलधाम सोसायटी के गोकुल अपार्टमेंट बागमुगलिया भोपाल से पकड़ा है। इनके पास नगदी नकली नोट और नोट बनाने के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी मिले हैं।

**जुबेर जैसे और कितने एजेंट?**

इनसे और पूछताछ भी की जा रही है कि जुबेर के जैसे ही नोट बनाकर और भी किन लोगों को दे रखे हैं? इन्होंने रुपया नकली रूप से छाप कर बाजार में चला दिया है या फिर लोगों को दे दिया है? हालांकि खंडवा पुलिस ने जुबेर का भंडाफोड़ करने के बाद नोट चलाने वाले अन्य एजेंट दुबक गए होंगे!

फिर भी जो तीन लोग पकड़े हैं उनसे लगता है कि बुरहानपुर, हरदा और अमरावती जिलों में भी सेंटर हो सकते हैं, जहां से नकली नोट चलाए जा रहे होंगे।

# खेलों से युवाओं में आता है अनुशासन

### सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित



**सीधी, 23 नवंबर. सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आज बैडमिंटन प्रतियोगिता शहर के स्थानीय अर्जुन सामुदायिक भवन में भव्य रूप से संपन्न हुई.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीधी सिंगरौली संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद माननीय डॉ. राजेश मिश्रा उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति से कार्यक्रम में उत्साह दोगुना रहा. कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रशरण सिंह एवं डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे. इस अवसर पर शिवदान साकेत, कौशलेंद्र सिंह, चंदन मिश्रा, विभा शर्मा, अनु पांडे, कैलाश वर्मा, रविंद्रनाथ सिंह एवं दिवाकर सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे. समापन सत्र में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. इस अवसर पर सांसद जी ने कहा खेलों से युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है.

## दो स्पा सेंटरों पर छापा चल रहा था देह व्यापार

**ग्वालियर.** शहर के तुलसी विहार कॉलोनी सिटी सेंटर में स्थित दो स्पा सेंटर्स पर पुलिस ने रविवार शाम को छापामारी की. इस दौरान यहां चार लड़की और तीन लड़के आपत्तिजनक हालत में मिले हैं. यहां से कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी पुलिस ने बरामद की है। समझा जाता है कि यहां लंबे अरसे से स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार चल रहा था. यहां लड़कियां दिल्ली के अलावा अन्य प्रदेशों से भी लाई गई थीं जबकि युवक स्थानीय बताए गए हैं. जिन स्पा सेंटर पर यह कार्रवाई हुई है उसमें एस एस आयुर्वेदा स्पा सेंटर और ब्लैक पर्ल स्पा सेंटर शामिल हैं. आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा.

# सम्मेलन में हंगामे के बाद भारी पुलिस बल तैनात

### दहशत में आ गए लोग हथियारों से लैस थे आरोपी

**जबलपुर, 23 नवम्बर . मानस भवन में हुए सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक चेतना सम्मेलन में रविवार को हंगामा खड़ा हो गया. आरोप-प्रत्यारोप के साथ धक्का मुक्की, मारपीट के साथ जमकर नारेबाजी हुई.**

संविधान और महापुरूषों से जुड़ी किताबें भी फाड़ी गई. जिसको लेकर आक्रोश भडक़ गया. सूचना मिलते ही दो एएसपी समेत चार थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और मोर्चा संभाला. जानकारी के मुताबिक कुशवाहा जनजागृति विकास समिति जबलपुर एवं सम्राट अशोक क्रांति सेना के तत्वाधान में सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक चेतना सम्मेलन में राजेन्द्र पाल गौतम, केबिनेट मंत्री दिल्ली सरकार, पूर्व मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया मुख्य अतिथि रहे. इसी बीच असामाजिक तत्वों ने संविधान, महापुरूषों से जुड़ी किताबें फाड़ी. विरोध करने पर मारपीट की गई. जमकर नारेबाजी की.



सूचना मिलते ही एएसपी आयुष गुप्ता, एएसपी अंजना तिवारी, ओमती, कोतवाली, मदनमहल, लार्डगंज थाना प्रभारी बल समेत मौके पर पहुंच गए और मोर्चा संभाला. उपद्रव मचाने वालो को खदेडऩे के साथ बीच बचाव किया. मौके पर पुलिस फोर्स तैनात रहा. कुशवाहा जन जागृति एवं विकास समिति अध्यक्ष वृंदावन वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान संविधान, महापुरूषों से जुड़ी किताबें के स्टाल लगे थे, पांच से अधिक तत्व घुस गए और हंगामा करने लगे. किताबें फाड़ दी. विरोध करने पहुंचे लोगों से मारपीट की गई.

## एक नजर में

### एसएएफ जवान का 2 लाख से भरा बैग चोरी

**भिंड, 23 नवंबर .** भिंड में एसएएफ जवान का रुपयों का बैग चोरी हो गया. उन्होंने बैंक से 2 लाख रूपए निकाले थे. वे रास्ते में सब्जी खरीदने रुके तो रकम एक चोर ले उड़ा. 2 दिन बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है. जानकारी के अनुसार भिंड शहर के भदावर कॉलोनी में रहने वाले 57 वर्षीय पुत्तू सिंह भदौरिया एसएएफ में जवान हैं. वे एसबीआई बैंक से 2 लाख रुपए नकद निकालकर घर लौट रहे थे, तभी वे एक चोर के शिकार बन गए. पुलिस चोर की तलाश कर रही है.

### पुलिस पर बर्बर पिटाई का गंभीर आरोप

**भिंड, 23 नवंबर .** पुलिस हिरासत में मारपीट का गंभीर मामला भिंड जिले के फूप थाना क्षेत्र से सामने आया है. सैनिक कॉलोनी के पांच लोगों को मामूली विवाद के बाद रात में घर से उठाकर थाने लाया गया और हवालात में लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा गया. जब इन्हें कोर्ट में पेश किया गया तो उनकी हालत देखकर जज भी सन्न रह गए. एक आरोपी तो चल भी नहीं पा रहा था. कोर्ट ने पुलिस द्वारा कराई गई मेडिकल रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया और पैनल बोर्ड से दोबारा मेडिकल जांच के सख्त निर्देश दिए. साथ ही सभी पांचों आरोपियों को तत्काल जमानत दे दी. कोर्ट परिसर से बाहर निकलते ही एक पीड़ित की हालत बिगड़ गई और वह सड़क पर गिर पड़ा. सैनिक कॉलोनी में सब्जी ठेले पर खड़ा विवेक शर्मा सब्जी ले रहा था. तभी छोटू जाटव अपनी बाइक लेकर आया और उसकी बाइक विवेक से टकरा गई. दोनों गिर पड़े. विवेक और उसके परिजनों ने गुस्से में छोटू के साथ मारपीट शुरू कर दी. देखते-ही-देखते विवाद बढ़ा और सड़क पर जाम लग गया. इसके बाद पुलिस ने पांच लोगों को उठाकर हवालात में जमकर मारपीट की.

### पटेल ने लोकतंत्र को मजबूत किया : सांसद



**ग्वालियर, 23 नवंबर .** सरदार वल्लभ भाई पटेल ने 562 रियासतों को एक कर देश में एक मजबूत लोकतंत्र खड़ा करने का काम किया. आज भारत में जो लोकतंत्र है वह सरदार पटेल के प्रयासों का ही परिणाम है. यह बात सांसद भारत सिंह कुशवाह ने ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कैंटोनमेंट एरिया में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर यूनिटी पैदल मार्च के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए कही. एमएच चौराहा से पैदल मार्च का शुभारंभ हुआ जो कि तिकोनिया चौराहा होते हुए वंशीपुरा चौराहे पर समापन किया गया. इस दौरान क्षेत्रवासियों ने आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा कर पैदल मार्च का स्वागत किया. सांसद कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार पटेल की 150वीं जयंती को पूरे देश में मनाने का निश्चय किया है.



### कैबिनेट मंत्री पटेल ने भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन किए

**मंदसौर .** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज मंदसौर स्थित भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे, जहाँ उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर जिलेवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की. मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना के बाद मंत्री पटेल ने तापेश्वर महादेव एवं सहस्त्र शिवलिंग मंदिर के भी दर्शन किए.

## पांच बीएलओ ने किया डिजिटाइजेशन

**मऊगंज.** मऊगंज जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों मऊगंज एवं देवतालाब में मतदाताओं का सत्यापन तेजी से किया जा रहा है. प्रत्येक मतदान केन्द्र में तैनात बीएलओ मतदाता से गणना पत्रक प्राप्त कर उसे बीएलओ ऐप से डिजिटाइज कर रहे है. जिले के पाँच बीएलओ ने निर्धारित समय सीमा से 13 दिन पूर्व ही गणना पत्रक भरकर शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन लक्ष्य प्राप्त कर लिया है. मतदान केन्द्र क्रमांक 85 माजन मानिकराम के बीएलओ विकास कुमार कुशवाहा, मतदान केन्द्र क्रमांक 107 दुअरा के बीएलओ रवि सेन तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 196 उकसा के बीएलओ राजेश कुमार मिश्रा ने डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है.

# एमडी ड्रग के साथ दो आरोपी धराए, न्यायालय ने भेजा जेल

**छिंदवाड़ा, 23 नवंबर. देहात थाना पुलिस ने एमडी ड्रग्स के तहत जिले की अभी तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है. इस कार्रवाई के तहत पुलिस ने दो आरोपियों को धर दबोचा है.**

आरोपियों के पास से 13.62 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली है. वही एक फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है. आरोपियों के पास से एमडी ड्रग्स 40 हजार 860 रूपए सहित 2.8 लाख से अधिक का मशरूका जब्त हुआ है. पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है. बता दें कि एसपी अजय पाण्डे एवं एएसपी आशीष खरे के मार्गदर्शन में सीएसपी अजय राणा के नेतृत्व में थाना देहात थाना टीआई गोविंद सिंह राजपूत ने पुलिस टीम गठित की. टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों को दबोचने विशेष अभियान के तहत मुखबिर की सूचना इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. थाना प्रभारी देहात टीम को 22 नवंबर को आर. 779 सौरभ बघेल, आर. 414 बृजेश पाल के कस्बा में जुर्म जरायम पतासाजी करने रवाना हुआ था. गांगीवाडा रिंग रोड पर मुखबिर से सूचना मिली कि रोहना बायपास के पास दो व्यक्ति बिना नंबर की एक्टिवा स्कूटी में खडे है. दोनो अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स पाउडर किसी ग्राहक को बैचने की फिराक में है.

# ग्वालियर में 2 किमी लंबे जाम में फंसे वाहन

### शहर में शादियों का असर ट्रैफिक जाम के हालात



**ग्वालियर, 23 नवंबर. शहर में बड़ी संख्या में हो रही शादियों का असर शहर की सड़कों पर भी साफ दिखाई दे रहा है. शहर से लेकर हाइवे तक ट्रैफिक जाम के हालात है.**

सबसे ज्यादा खराब हालात ग्वालियर-झांसी हाइवे पर सिकरौदा पॉइंट व आगरा-मुम्बई नेशनल हाइवे पर निरावली पॉइंट पर है. यहां दो किलोमीटर लंबा जाम लगा था और डेढ़ से दो घंटे वाहन ट्रैफिक जाम में फंसे रहे और रेंगते हुए ही निकले. ट्रैफिक जाम की खबर मिलते ही शहर से लेकर हाइवे तक पुलिस ट्रैफिक कंट्रोल करती हुई नजर आई. देर रात तक सड़कों पर यातायात सामान्य नहीं हो सका. सड़कों पर बारातों और नाचते बारातियों के कारण ट्रैफिक जाम रहा. पुलिस जाम खुलवाने में जुटी नजर आई. हाइवे पर जाम के कारण वाहनों की लंबी लाइन लग गई. सबसे ज्यादा हालत निरावली और सिकरौदा चौराहे पर हुई स्थिति को संभालने के लिए डीएसपी यातायात सहित यातायात निरीक्षक व पुलिस बल जाम खुलवाने में जुट गया. शहर की सड़कों पर बारातों और नाचते बारातियों के कारण ट्रैफिक जाम हो रहा था.जिस कारण शहर के थानों का बल ने अपने क्षेत्र में एक्टिव होकर जाम खुलवाया.

## पटना गई युवती दलालों के चंगुल में फंसी

**सिंगरौली 23 नवंबर.** माड़ा थाना इलाके के एक 23 वर्षीय युवती अक्टूबर महीने में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने बिहार प्रांत के पटना पहुंची थी जहां एक दलाल के चंगुल में आ गई और दलाल ने युवती को जिस्मफरोशी के धंधे में धकेल दिया. जानकारी के अनुसार माड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने के लिए बिहार प्रांत के पटना मुख्यालय में पिछले माह अक्टूबर में गई थी। इसी दौरान एक दलाल अपने चंगुल में लेकर नौकरी दिलाने का झांसा देते हुए अपने कब्जे में लेकर एक दलाल को बेच दिया. और युवती को दलाल ने जिस्मफरोशी के कोठे में धकेल दिया. किसी तरह युवती ने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी।

# उच्च न्यायालय में चल रहे दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम



**ग्वालियर 23 नवंबर.** बालवीर जो हाईकोर्ट में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे है, उन्हें न्यायमूर्ति आनंद पाठक प्रशासनिक न्यायाधिपति मप्र उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि हाईकोर्ट को एक विश्वविद्यालय की तरह होना चाहिए जहां रचनात्मकता हर रूप में प्रदर्शित, लक्षित और मेनिफेस्ट होनी चाहिए. बच्चों में प्रतियोगिता की भावना होना जरूरी है क्योंकि वो आपको आगे बढाने में मदत करती है, लेकिन प्रतियोगिता भी सकारात्मक होनी चाहिए. यदि हमारा दोस्त जीतता है तो हमें खुश होना है, लेकिन निराश नहीं होना है और सकारात्मक प्रयास करना है. यह भावना हमें हमेशा सकारात्मकता से भरती है, साथ ही यह भी जरूरी है कि हमें आस-पास के लोगों के प्रति संवेदनशील बनना है, स्वयं भी मौका प्राप्त करना है दूसरों को भी मौका देना है. न्यायमूर्ति आशीष श्रोती, न्यायमूर्ति अमित सेठ एवं न्यायमूर्ति राजेश कुमार गुप्ता ने भी प्रतियोगी बच्चों को शुभकामनाए प्रदान की.

# 10 से 80 वर्ष के सैकड़ों धावक मैराथन में दौड़े

### गुरु तेग बहादुर मानवाधिकार मैराथन में दिखा उत्साह



**जबलपुर, 23 नवंबर. भोर होते ही प्रेमनगर गुरुद्वारा परिसर ऊर्जा और उत्साह से भर उठा. श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शताब्दी शहीदी दिवस पर आयोजित गुरु तेग बहादुर मानवाधिकार मैराथन रेस में शहर ने एक बार फिर खेल भावना का प्रदर्शन किया.**

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रितपाल सिंह और पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू ने हरी झंडी दिखाकर रेस का शानदार आगाज किया. सैकड़ों धावकों की तालियों, जयघोष और कदमों की धुन के बीच रेस प्रेमनगर से शुरू हुई.

सबसे खास बात यह रही कि 10 वर्षीय बालक अर्जुन सिंह कोहली से लेकर 75 वर्षीय रजिंदर कौर छावड़ा और 79 वर्षीय एस. पी. पाल तक हर आयु वर्ग के धावकों ने उत्साहपूर्वक रेस पूरी की. मैदान पर लौटते हुए उनकी मुस्कान और उमंग इस आयोजन की सफलता बयां करती दिखाई दी. आयोजकों द्वारा मैराथन कार्यस्थल पर सेल्फी प्वाइंट बनाए हुए थे, जिसमें लोग मैराथन में शामिल होने के बाद उसकी यादों को संजोय रखने के लिए सेल्फी प्वाइंट पर फोटो और सेल्फी लेते हुए नजर आए. नगर के उदीयमान खिलाड़ी कुमारी अंशिका लोधी और अखिलेश यादव ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया.

**आयोजन** स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 10 मीटर शूटिंग रेंज का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

# मेहनत से ही जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति संभव



**रीवा, 23 नवम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मेहनत व समर्पण से ही जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति संभव है. उन्होंने कहा कि जीवन में शार्टकट का कोई स्थान नहीं है.**

लक्ष्य को निर्धारित कर पूरे मनोभाव से कार्य करने पर ही सफलता मिलती है. उप मुख्यमंत्री ने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में 10 मीटर शूटिंग रेंज का शुभारंभ किया. उन्होंने पिस्टल एवं राइफल से शूटिंग लक्ष्य पर सटीक निशाना साधा. स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं व खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स की स्थापना से खिलाडियों को एक ही स्थान पर विभिन्न खेल गतिविधियों में प्रैक्टिस की सहूलियत मिली है. बड़े शहर में खेल के लिए स्पोर्ट्स काम्पलेक्स अत्यंत आवश्यक है. रीवा का स्पोर्ट्स काम्पलेक्स भी इस कमी को पूरा कर रहा है. उन्होंने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग ले रहे खिलाडियों से आह्वान किया कि पूरे मनोयोग से अपने खेल में आगे बढ़ें और राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना व अपने शहर का नाम रोशन करें.

उन्होंने स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में अनवरत चल रही विभिन्न खेल गतिविधियों के आयोजन के लिए संभागीय खेल अधिकारी के समर्पण भाव की प्रशंसा भी की. इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजीनियर नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि स्पोर्ट्स काम्पलेक्स रीवा के लिए अद्वितीय उपलब्धि है. उप मुख्यमंत्री जी ने परिश्रम व संकल्प के साथ इसे पूरा कराया जहाँ विभिन्न खेलों की सुविधाएं हैं.

## पीएचडी की प्रवेश काउंसिलिंग 2 एवं 3 दिसम्बर को

**सतना/चित्रकूट.** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में बीएससी कृषि पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु काउंसिलिंग 28 नवंबर को और पीएचडी पाठ्यक्रमों की प्रवेश काउंसिलिंग 2 एवं 3 दिसम्बर को होगी. अध्यक्ष प्रवेश समिति प्रो एच एस कुशवाहा ने बताया कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा पी.ए.टी 2025 के घोषित परिणामों के आधार पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थियों एवं उपलब्ध सीटों के आधार पर पेमेन्ट सीट की श्रेणीवार कटऑप मार्कस की तृतीय सूची जारी कर दी गई है.